हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 38.6 डिग्री
न्यूनतम 25.1 डिग्री

11 इंडस स्कूल में मनाई हरियाली तीज मनाई गई

12 24 दिन बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था 30 जून को ...





## खबर संक्षेप

### मदविः कई परीक्षाओं के परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन के दूसरे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर और तीसरे सेमेस्टर की केवल री-अपीयर, एलएलएम चौथे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, एमएफए पेंटिंग छह वर्षीय के दूसरे व चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर और छठे व दसवें सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एम.कॉम आनर्स के चौथे व पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर, एमए इकोनॉमिक्स के चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा बीएससी होम साइंस के पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### एमडीयूः 26-27 को होने वाले कार्यक्रम स्थगित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 26 जुलाई को आयोजित होने वाले-कारगिल विजय दिवस समारोह और 27 जुलाई को आयोजित होने वाले तीज महोत्सव को स्थगित कर दिया गया है। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने बताया कि अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों के चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह फैसला लिया है।

### एमडीयू में 26 जुलाई को रहेगा अवकाश

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में 26 जुलाई को अवकाश रहेगा। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया सरकार के निर्देशों अनुसार विश्वविद्यालय में 26-27 जुलाई को (सीईटी) के सेंटर होने के चलते अवकाश रहेगा।

# सीईटी परीक्षा आज से, अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए 13 रूटों पर शटल बस सेवा की व्यवस्था

678 बसों में 62,000 अभ्यर्थी गुरुग्राम और फरीदाबाद परीक्षा देने जाएंगे

■ सामान्य पात्रता परीक्षा को लेकर रोहतक में 68 परीक्षा केंद्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य सुभाष चंद्र ने कहा कि आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई को 68 केंद्रों पर चार शिफ्टों में आयोजित करवाई जा रही सामान्य पात्रता परीक्षा को पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए 13 रूटों पर शटल बस सेवा की व्यवस्था की गई है। इस परीक्षा को चार शिफ्टों में आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवार परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वारों पर सघन जांच के उपरांत ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश कर सकेंगे। उम्मीदवार आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के अलावा अन्य दस्तावेज व उपकरण परीक्षा केंद्रों में नहीं ले जा सकेंगे। आयोग के सदस्य सुभाष चंद्र स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला में सीईटी के नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार, सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, महम के उपमंडलाधीश मुकुंद तंवर, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार के साथ सामान्य पात्रता परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। सुभाष चंद्र ने कहा कि आयोग की हिदायतों अनुसार परीक्षार्थियों को ओएमआर की तीन सीटें दी जाएगी, जिनमें परीक्षा के उपरांत इनविजिलेटर द्वारा दो सीटें वापिस लेनी होगी। ओएमआर की उम्मीदवार कॉपी ले जा सकेंगे। परीक्षा के उपरांत परीक्षार्थियों से दो-दो ओएमआर सीटें एकत्रित करने में कोताही बरतने वाले इनविजिलेटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। सभी पात्र आवेदक सामान्य पात्रता परीक्षा में शामिल हो सके।

**परीक्षा की समीक्षा**



**रोहतक।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में सीईटी परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेते हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य सुभाष चंद्र व डीसी धर्मेंद्र सिंह।

**बसों पर अभी से मारामारी शुरू**



**रोहतक।** सीईटी परीक्षा का शनिवार को पहला दिन है, अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए शुक्रवार को बसों से रवाना हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रातः 9.15 तथा दोपहर को 2.30 बजे के बाद नो एंट्री

26 व 27 जुलाई को दो शिफ्ट में परीक्षा होगी। सुबह की शिफ्ट में 10 बजे से 11.45 व दोपहर की 3.15 बजे से शाम 5 बजे का समय है। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के लिए सुबह की शिफ्ट में 7.30 बजे से 9.15 तथा दोपहर की शिफ्ट में 12.45 से 2.30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद किसी को भी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### शिफ्ट के अनुसार ही बस अड्डे पर पहुंचे छात्र

धर्मेंद्र सिंह ने उम्मीदवारों का आह्वान किया कि वे अपनी निर्धारित शिफ्ट के समय के अनुसार ही बस अड्डे व निर्धारित स्थलों पर पहुंचे। जिला प्रशासन द्वारा उम्मीदवारों की सुविधा के दृष्टिगत पर्याप्त बसों की व्यवस्था की गई है। गुरुग्राम व फरीदाबाद जिला प्रशासन द्वारा रोहतक जिला के उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न रूट निर्धारित कर सिटी बस सेवाएं चलाई जाएंगी।

### टोल फ्री नंबर जारी

जिला प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 01262-242020, 242021, 242022, 242023 तथा 242024 भी जारी किए गए है।

### बस सेवा सुबह 3.30 बजे से शुरू होगी

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सामान्य पात्रता परीक्षा को पारदर्शी व सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध किए गए है। जिला में बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए राजीव गांधी खेल स्टेडियम से 13 रूटों पर परीक्षा केंद्रों तक शटल बस उपलब्ध रहेंगी तथा जिला से बाहर परीक्षा देने जाने वाले उम्मीदवारों के लिए उनके आवास के आसपास 6 स्थानों पर बसों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रात कालीन शिफ्ट के उम्मीदवारों के लिए महम बस स्टैंड से गुरुग्राम या फरीदाबाद के लिए बसें 26 व 27 जुलाई को सुबह साढे 3 बजे से शुरू होगी तथा अन्य पांच स्थलों से यह बसें सुबह 4 बजे से 5 बजे तक चलेगी। सांय कालीन शिफ्ट के लिए सुबह 9 बजे से यह बसें चलाई जाएंगी।

### जिले में 950 दिव्यांग देंगे परीक्षा

जिला के लगभग 950 दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए शहर में परीक्षा के प्रबंध किए गए है। नगर निगम व विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा ऐसे परीक्षार्थियों से संपर्क किया गया है तथा परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने की मदद मांगने वाले दिव्यांगों को संबंधित विभाग द्वारा परीक्षा केंद्रों तथा वापिस परीक्षा केंद्रों से घर तक पहुंचाने के प्रबंध किए गए है। दिव्यांग उम्मीदवारों से संबंधित रोहतक शहर में 30 परीक्षा केंद्र चिन्हित किए गए है, जहां पर पर्याप्त संख्या में व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई जाएगी।

### एम्बुलेंस भी रहेंगी उपलब्ध

बस संचालन स्थलों के समीप एंबुलेंस की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर पुलिस द्वारा उम्मीदवारों की जांच की जाएगी तथा परीक्षा केंद्रों के अंदर आयोग द्वारा नियुक्त की गई जांच एजेंसी द्वारा उम्मीदवारों की सघन जांच की जाएगी।

### परीक्षार्थी के ठहरने के लिए की गई व्यवस्था

यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा से पहले दिन शाम को पहुंचकर ठहरना चाहे तो ऐसे परीक्षार्थियों के लिए नगर निगम के अधिकारियों द्वारा धर्मशालाओं की उचित व्यवस्था की गई है। इसके तहत महिला परीक्षार्थियों के लिए एक धर्मशाला तथा पुरुष परीक्षार्थियों के लिए दो धर्मशालाओं की व्यवस्था की गई है।

## 25 पुलिसकर्मी 9 घंटे किया सर्च, नहीं मिला महिला का शव



**रोहतक।** शुक्रवार को जीआरपी ने अस्थल बोहर में फिर से घटनास्थल पर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। यह ऑपरेशन करीब 9 घंटे तक चला, जिसमें 25 पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही। टीम ने रेलवे ट्रैक के दोनों ओर सहित आसपास की घनी झाड़ियों में बारीकी से तलाशी ली। इसके लिए विशेष रूप से खोजी कुत्तों की मदद भी ली गई और झाड़ियों को काटा गया, लेकिन महिला के अन्य अंगों का कहीं भी सुराग नहीं मिला। पीजीआई क्वार्टर्स के पास रेलवे लाइन के नजदीक एक महिला की अधजली लाश के टुकड़े मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। 24 जुलाई की शाम जब एक युवक रेलवे लाइन के पास से गुजर रहा था, तो उसकी नजर झाड़ियों में पड़े एक अधजले हाथ पर पड़ी। युवक ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। एसपी रेलवे हरियाणा अंबाला छावनी नितिका गहलोत के निर्देश पर डीएसपी रेलवे कृष्ण कुमार, डॉ. सरोज दहिया और एसएचओ जीआरपी जोगिंद्र सिंह की अगुवाई में तीन टीमों ने सर्च ऑपरेशन को अंजाम दिया।




### डोली सरदार रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस के हाथ खाली

**रोहतक।** शहर के जाने-माने कारोबारी और बंगला साहिब गुरुद्वारे के पूर्व प्रधान अवतार सिंह कोचर उर्फ डोली सरदार को धमकी देकर 5 करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में 12 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस ने एक सुरक्षाकर्मी जरूर उपलब्ध करवाया है, लेकिन पीड़ित कारोबार के सिलसिले में दिल्ली नहीं जा पा रहे हैं। सुरक्षा के लिए उन्होंने निजी सुरक्षाकर्मी भी रखा है। वहीं, पुलिस ने गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू तक पहुंचने के लिए साइब थाना में जांच चल रही है और गृह मंत्रालय को पत्र लिखने का निर्णय लिया है ताकि आरोपी का ब्रिटेन से प्रत्यर्पण कराया जा सके।

### सोशल मीडिया पर ट्रांसपोर्टर के अश्लील डांस करते 3 वीडियो वायरल

■ दो लोगों को पीटता आया नजर

**रोहतक।** सोशल मीडिया पर एक ट्रांसपोर्टर के 3 वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में बंद कमरे में अश्लील डांस करता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो में 2 महिलाएं जैसी दिख रही हैं। वीडियो में खुलआम शराब पार्टी हो रही है और तेज आवाज में म्यूजिक बज रहा है। साथ ट्रांसपोर्टर का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वह 2 लोगों को पीटता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है ट्रांसपोर्टर हरियाणा के अलग-अलग थानों में 9 केस दर्ज हैं। कुछ दिन पहले ही उसने आरटीए ऑफिस में अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए एक वीडियो वायरल किया था। आरटीए ऑफिस की तरफ से शिवाजी कॉलोनी थाने में ट्रांसपोर्टर खिलाफ केस दर्ज करवाया गया था।





एक शेर की दहाड़ इतनी तेज़ होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।



कुत्तों की आबादी के मामले में अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।



# अच्छा करियर बनाना है तो आंगनवाड़ी टीचर बेहतर विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आंगनवाड़ी टीचर बनना अपने आप में ही एक उपलब्धि है क्योंकि आंगनवाड़ी शिक्षक बनकर आप बच्चों और गरीब वर्ग के लोगों की सहायता कर सकते हैं। यह वास्तव में ही एक सराहनीय काम है। इससे आप बच्चों की शिक्षा में सहायता कर सकते हैं तथा गरीब वर्ग के लोगों की भी मदद कर सकते हैं। एक आंगनवाड़ी सहायिका अपने समाज में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने में अहम भूमिका निभाती है। अगर आपके मन में सवाल उठ रहा है कि आंगनबाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या करना होता है तथा इसके लिए कौन सी योग्यताएं चाहिए। हम इस लेख में जानकारी दे रहे हैं।

## ये होनी चाहिए योग्यता

**शैक्षिक योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप कम से कम 12वीं कक्षा पास होने चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से मान्यता प्राप्त बोर्ड से आपकी पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।
**आयु सीमा:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
**भाषा योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप हिंदी भाषा बोलने में पूर्ण रूप से सक्षम होने चाहिए। आपको बच्चों को सही संज्ञानात्मक पाठ देने में पूरा ज्ञान होना चाहिए।
**प्रशिक्षण प्राप्त करें:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपको संबंधित ट्रेनिंग लेनी होगी। आप स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी अथवा निजी संस्थानों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आपको बाल विकास, शिक्षा में प्रवीणता, बाल संरक्षण आदि के विषयों में गहन ज्ञान लेना होगा।
**योग्यता की जांच:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए, आपको 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको भी बाल विकास या संबंधित विषयों में अवधारणा होनी चाहिए।
**आवश्यक कागजात की तैयारी:** आंगनवाड़ी टीचर के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, आपको जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करनी होगी। आपको अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक कॉपी तैयार रखनी होगी।

## ये अलग-अलग पद

**आंगनवाड़ी सेविका:** आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से बच्चों और माताओं की देखरेख करने का काम करती है। आंगनबाड़ी सेविका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक सुरक्षा संबंधित कार्यों को संचालित करती है।
**आंगनवाड़ी सहायका:** आंगनवाड़ी सहायका सेविका की सहायता करने का काम करती हैं और उन्हें विभिन्न कार्यों में सहायता उपलब्ध करती है। वे सामान्यतः आंगनवाड़ी सेविका के अधीन कार्य करती हैं। यानी की आंगनवाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी सेविका के अंडर में काम करती है।
**मिशन आंगनवाड़ी सेविका:** कुछ राज्यों में, मिशन आंगनवाड़ी सेविका के पद होते हैं जो सेविका और सहायका के कार्य को पूरा करती है। इनका काम आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के काम को पूरा करना होता है।
**आंगनवाड़ी सहायिका कम और संशोधित संस्करण:** कुछ राज्यों में, आंगनवाड़ी सेविका और सहायका के संशोधित संस्करण होते हैं जो नए नियमों और मानकों के मुताबिक कार्य करते हैं।

## महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलती

### ये लाभ

**बच्चों का सम्पूर्ण विकास:** आंगनवाड़ी में होने वाले कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, और मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हैं। यहां बच्चों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक योग्यता, और आत्मविश्वास सिखाया जाता है।
**स्वस्थ रहना:** आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों को स्वस्थ खानपान की सलाह दी जाती है और उन्हें नियमित चिकित्सा परीक्षा का लाभ दिया जाता है।
**पोषण की सुरक्षा:** आंगनवाड़ी में उपलब्ध पोषण सेवाएँ बच्चों को सही आहार देने के बारे में जानकारी देती हैं और उनके पोषण स्तर का ध्यान रखती हैं। इससे उनकी गहरी कमजोरी और पोषण संबंधित समस्याओं का समाधान होता है।
**माता की देखभाल:** आंगनवाड़ी में मौजूद मातृ देखभाल सेवाएँ माताओं को गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए मदद करती है।

**सैलरी :** आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी की बात करें तो यह 5500 से लेकर 7000 तक प्रतिमाह मिलती हैं। मिनी आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी 4250 से लेकर 5500 तक मिलती है तथा आंगनवाड़ी हेल्पर सैलरी 3250 से लेकर 4000 तक प्रति महीना होती है।

### ये सेवाएं

**प्री-स्कूल शिक्षा :** आंगनवाड़ी सेंटर में प्री-स्कूल शिक्षा का विकास किया जाता है। यहां बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और कला-संस्कृति के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है।
**पोषण सेवाएं :** आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए पोषण सेवाएँ होती है। यहां बच्चों को सही आहार, पोषण और स्वस्थ खानपान के बारे में बताया जाता है।
**मातृ देखभाल सेवाए :** आंगनवाड़ी में मातृ देखभाल सेवाएँ भी मुहैया करवाई जाती है। यहां माताओं को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय, और प्रसव के बाद सही देखभाल और सलाह प्रदान दी जाती है।
**आरोग्य सेवा :** आंगनवाड़ी में आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां पर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। आंगनवाड़ी में और भी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

## रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आर्ट्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर



अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आर्ट्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट

आर्ट्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

### पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

**योग्यता**

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

**सैलरी**

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

### रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

**योग्यता**

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है।
आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

**सैलरी**

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

### फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

### रेलवे ग्रुप डी की नौकरी

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



### गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

**योग्यता**

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

**सैलरी**

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आर्ट्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।


- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आर्ट्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आर्ट्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

# सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा, इसने खोले करियर के कई नए रास्ते



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का युग डिजिटल युग है, और सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म ने न केवल हमें दुनिया से जोड़ा है, बल्कि करियर के नए रास्ते भी खोले हैं। लेकिन, सोशल मीडिया का प्रभाव और करियर में शॉर्टकट की चाहत छात्रों के लिए एक दोधारी तलवार की तरह हो सकती है। यह लेख आपको प्रेरित करेगा कि सोशल मीडिया का सही उपयोग कैसे करें और शॉर्टकट की ललक को छोड़कर एक मजबूत और सार्थक करियर कैसे बनाएं। सोशल मीडिया ने छात्रों के लिए अनगिनत अवसर पैदा किए हैं। चाहे वह ऑनलाइन लर्निंग हो, स्किल डेवलपमेंट हो, या फिर नेटवर्किंग, सोशल मीडिया ने सीमाओं को तोड़ दिया है। आज आप यूट्यूब पर फ्री कोर्सेज के जरिए नई स्किल्स सीख सकते हैं, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से जुड़ सकते हैं, और इंस्टाग्राम पर अपनी क्रिएटिविटी दिखा सकते हैं।

## मेहनत और लगन से मिलती है सफलता

कई छात्रों ने सोशल मीडिया का उपयोग करके अपने स्टार्टअप शुरू किए, फ्रीलांसिंग में कदम रखा, या फिर एक इन्फ्लुएंसर के रूप में अपनी पहचान बनाई। उदाहरण के लिए, कई यंग यूट्यूबर्स और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कंटेंट क्रिएशन शुरू किया और आज लाखों की कमाई कर रहे हैं। लेकिन यहाँ एक महत्वपूर्ण बात है: इन लोगों ने मेहनत, लगन, और सही दिशा में काम करके सफलता हासिल की। सोशल मीडिया ने उन्हें एक मंच दिया, लेकिन उनकी मेहनत ने उस मंच को चमकाया।

**शॉर्टकट की चाहत: एक खतरनाक जाल :** सोशल मीडिया पर चमक-दमक देखकर कई छात्र यह सोचने लगते हैं कि सफलता का रास्ता आसान और तुरंत मिलने वाला है। इन्फ्लुएंसर्स की लग्जरी लाइफ, ट्रेंडिंग रील्स, और वायरल वीडियोज देखकर लगता है कि बस एक वीडियो बनाया और रातोंरात स्टार बन गए। लेकिन हकीकत इससे कहीं अलग है। शॉर्टकट की चाहत में कई छात्र अपनी पढ़ाई, स्किल डेवलपमेंट, और लॉन्ग-टर्म गोल्स को नजरअंदाज कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ छात्र फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए गलत तरीकों का सहारा लेते हैं, जैसे फेक फॉलोअर्स खरीदना या कॉपीराइट कंटेंट का इस्तेमाल करना। इससे न केवल उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठता है, बल्कि कानूनी परेशानियाँ भी हो सकती हैं। इसके अलावा, साइबर क्राइम जैसे फिशिंग, हैकिंग, या साइबरबुलिंग में फंसने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक गलत कदम आपके करियर को बर्बाद कर सकता है।

**सही दिशा में सोशल मीडिया का उपयोग :** छात्रों, यह समझना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक टूल है, न कि आपका गोल। इसे अपने करियर को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल करें, न कि शॉर्टकट की तलाश में भटकने के लिए। यहाँ कुछ टिप्स हैं जो आपको प्रेरित करेंगे।

**स्किल्स सीखें:** सोशल मीडिया पर ढेरों फ्री और पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं। चाहे वह कोडिंग हो, डिजिटल मार्केटिंग हो, या ग्राफिक डिजाइनिंग, अपने इंटरेस्ट के हिसाब से स्किल्स सीखें। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर **Coursera** या **Skillshare** जैसे प्लेटफॉर्म्स के फ्री ट्यूटोरियल्स देखें।

**नेटवर्किंग करें:** लिंक्डइन जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स से जुड़ें। अपने प्रोजेक्ट्स और अचीवमेंट्स शेयर करें। यह आपको इंटर्नशिप्स और जॉब्स के लिए नए रास्ते खोलेगा।

## वैल्यूएबल कंटेंट बनाए

**क्रिएटिव बनें:** अगर आप इन्फ्लुएंसर बनना चाहते हैं, तो ओरिजिनल और वैल्यूएबल कंटेंट बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप साइंस के स्टूडेंट हैं, तो साइंस से जुड़े मजेदार एक्सपेरिमेंट्स शेयर करें। यह आपकी ऑडियंस को आकर्षित करेगा।

**साइबर सिक्योरिटी का ध्यान रखें:** सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल जानकारी सावधानी से शेयर करें। स्ट्रॉन्ग पासवर्ड्स और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें। अगर आपको कोई साइबर क्राइम का शिकार बनाया जाता है, तो तुरंत **www.cybercrime.gov.in** पर शिकायत दर्ज करें।

**लॉन्ग-टर्म गोल्स पर फोकस करें:** सोशल मीडिया की चमक में अपनी पढ़ाई और करियर गोल्स को न भूलें। शॉर्टकट की जगह मेहनत और धैर्य को अपनाएं। सचिन तेंदुलकर या एलोन मस्क जैसे लोग रातोंरात सफल नहीं हुए; उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें वहाँ पहुँचाया। आइए, एक भारतीय छात्र की कहानी से प्रेरणा लें। अनन्या, एक कॉलेज स्टूडेंट थी, जिसने लॉकडाउन के दौरान यूट्यूब पर इंग्लिश लर्निंग वीडियोज शुरू किए। उसने छोटे-छोटे टिप्स शेयर किए, जैसे कि इंग्लिश बोलने का डर कैसे दूर करें। उसकी मेहनत और कंसिस्टेंसी की वजह से आज उसके लाखों सब्सक्राइबर्स हैं, और वह एक ऑनलाइन कोचिंग प्लेटफॉर्म भी चलाती है। अनन्या ने सोशल मीडिया का सही उपयोग किया और शॉर्टकट की जगह अपनी स्किल्स पर भरोसा किया।

## सामान्य ज्ञान

**1.** समुद्र पृथ्वी की सतह का लगभग ______ घेरे हुए है ।
(ए) 50%'
(बी) 60%'
(सी) 70%'
(डी) 80%'

**2.** कौन - सा सागर महासागरीय मरुभूमि के रूप में अभिहित किया जाता है ?
(ए) अरब सागर
(बी) सार्गैसो सागर
(सी) लाल सागर
(डी) चीन सागर

**3.** सार्गैसो सागर अवस्थित है -
(ए) प्रशांत महासागर में
(बी) उतरी अटलांटिक महासागर में
(सी) दक्षिणी अटलांटिक महासागर में
(डी) हिन्द महासागर में

**4.** तस्मान सागर किसके मध्य अवस्थित है ?
(ए) उत्तर व दक्षिण अमेरिका
(बी) भारत व श्रीलंका
(सी) ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड
(डी) साइबेरिया व अलास्का

**5.** निम्नलिखित में से किस सागर की सीमाएं तीन महाद्वीपों को स्पर्श करती है ?
(ए) लाल सागर
(बी) बेरिंग सागर
(सी) भूमध्य सागर
(डी) अरब सागर

**6.** निम्नलिखित सागरों में से किसके चारों ओर समुद्री धाराएं प्रवाहित होती है ?
(ए) चीन सागर
(बी) जापान सागर
(सी) मारमारा सागर
(डी) सारगैसो सागर

**7.** काला सागर किस देश के दक्षिण में स्थित है ?
(ए) फ्रांस
(बी) रूस
(सी) तुर्की
(डी) इंग्लैंड

**8.** निम्नलिखित में कौन - सा देश काला सागर को स्पर्श नहीं करता है ?
(ए) रूस
(बी) कजाकिस्तान
(सी) यूक्रेन
(डी) मोल्दोवा

**उत्तर** 1.(सी) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(डी) 7.(बी) 8.(बी)

# इंडस स्कूल में मनाई हरियाली तीज

## छात्रों ने गायत्री मंत्र प्रार्थना, आज का शब्द, विचार, भाषण, देशभक्ति गीत व लोक नृत्य आदि की अद्भुत प्रस्तुति दी




### कक्षा पांचवी व छठी के लड़कों ने पतंग बनानी सीखी, नौवीं व दसवीं के लड़कों ने पतंग बाजी का लुत्फ उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में 25 जुलाई को हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास, उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सर्वप्रथम विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने गायत्री मंत्र प्रार्थना, आज का शब्द, विचार, भाषण, देशभक्ति गीत व लोक नृत्य आदि की अद्भुत प्रस्तुति दी। कक्षा तीसरी व चैथी के लड़कों ने पतंग पर सजावट की। कक्षा पांचवी व छठी के लड़कों ने पतंग बनानी सीखी। कक्षा नौवीं व दसवीं के लड़कों ने पतंग बाजी का लुत्फ उठाया। लड़कियों ने मेंहदी लगाई व झूला झूलकर, नृत्य तथा संगीत के साथ अपनी खुशियों को इजहार किया। इस अवसर पर विद्यार्थी अपनी पारंपरिक वेश-भूषा में सज धज कर आए। कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्रों के मध्य अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने सभी विद्यार्थियों और स्टॉफ सदस्यों को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा हमें अपने पारंपरिक त्योहारों और संस्कृति का सम्मान करते हुए अपने लोकपर्व पूरे उत्साह से मनाने चाहिए, ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों में संस्कार पैदा कर सकें। प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने कहा कि त्योहार समाज का जोड़ने का काम करते हैं, आपस में प्रेम-भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को परम्परागत रीति-रिवाजों की जानकारी दी। विद्यालय में मिठाई बांटी गई।

## इंडस कॉलेज आफ एजुकेशन में मनाया तीज उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस कॉलेज आफ एजुकेशन में हरियाली तीज का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। हरियाणा के इस त्योहार का खास महत्व है और ये खुशहाली खुश का प्रतीक है। सावन का महीना उमंग और उत्साह भरा होता है। इसी उमंग के साथ विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मेहंदी लगाई, गीतों और झूलों का आनंद पानंद लिया। इस अवसर पर कॉलेज की चेयरपर्सन डॉ. एकत्ता सिंधु व प्राचार्य डॉ. सुषमा जाखड़ ने विद्यार्थियों को तीज पर्व की बधाई दी और कथ कि हमेशा अपनी संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए। अंत में को मीठ और नमकीन पकवान का लुत्फ उठाया।

## युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान साहिल उर्फ पहलवान निवासी मोखरा के रुप में हुई। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ बहु अकबरपुर थाना में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने कहा की युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मार्केट न्यूज

## अग्रवाल आभूषण (गोहाना वाले) का शुभारम्भ 27 जुलाई को




रोहतक नजदीक डी पार्क, दिल्ली रोड पर 27 जुलाई को अग्रवाल आभूषण शोरूम का शुभारम्भ किया जा रहा है। विनोद अग्रवाल व ललित ने बताया गत 50 वर्षो से गोहाना व दिल्ली में विश्वास व ईमानदारी के साथ कार्य करने के बाद अब रोहतक के लोगों के लिए भी अब शोरूम का शुभारम्भ किया जा रहा है। अग्रवाल आभूषण रिटेल और हॉल-सेल के साथ प्रीमियम ज्वैलरी शोरूम का शुभारम्भ डा. अरविन्द शर्मा (केबिनेट मंत्री) मनीष ग्रोवर (पूर्व मंत्री), बाबा कालीदास महाराज, डा. अनूप बंसल, स्वामी डा. परमानन्द आदि की उपस्थित में होगा।

# हिन्दू महाविद्यालय में सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय के प्रांगण में नवीन सत्र 2025-26 के शुभारंभ के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। इस अवसर पर यज्ञ के मुख्य यजमान रिवोली होटेल इंडस्ट्रीज के प्रबंधनिदेशक गौतम भांबरी व उनकी धर्मपत्नी अर्पण दीवान भांबरी रहे। हिन्दू शिक्षण संस्थान के पूर्व प्रधान राजेश सहगल विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजु देशवाल ने किया। हवन के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल तनेजा ने अपना अध्यक्षीय भाषण दिया। उन्होंने बताया कि हवन हिन्दू संस्कृति का अभिन्न अंग है। हम हवन में केवल आहुति ही नहीं देने के लिए अपने अहंकार की भी आहुति देते हैं। अग्नि में स्वाहा शब्द के साथ अपने आलस्य, संशय व भय को भी जला कर नकारात्मक विचारों का भी अन्त कर देते हैं। इसके साथ ही नवीन सकारात्मकता व आत्मविश्वास का शुभारंभ करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इमानदारी को अपना मूलमंत्र बनाने का आह्वान किया। तथा नये सत्र को संस्कार, सत्कर्म व सफलता की यात्रा बनाने की सलाह दी। इसके बाद विशिष्ट अतिथि राजेश सहगल ने महाविद्यालय के कर्मचारी वर्ग व विद्यार्थियों को नये सत्र की बधाई व शुभकामनाएं दी।

## जीडी गोयंका स्कूल में मनाया तीज का त्योहार



**रोहतक।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक वातावरण के साथ तीज का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, झूले, बंदनवार और फूलों से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का रंग छा गया।

## मॉडल टाउन स्थित बापू पार्क के सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ



**रोहतक।** नगर निगम वार्ड नंबर 14 के मॉडल टाउन स्थित बापू पार्क (डी पार्क) के सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी डॉ. मंगलसेन मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू ने नारियल फोड़कर किया। लंबे समय से उपेक्षित इस पार्क को अब स्वच्छ, सुंदर और हरित रूप देने की योजना बनाई गई है। निगम पार्षद कंचन खुराना के प्रतिनिधि एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य अशोक खुराना ने बताया कि पार्क के कायाकल्प के लिए नगर निगम द्वारा 22 लाख रुपए की लागत मंजूर की गई है। पार्क में महात्मा गांधी की 10 फुट ऊंची अष्टधातु की नई प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुरानी प्रतिमा जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी थी। नई प्रतिमा के चारों ओर ग्रेनाइट पत्थर लगाया जाएगा और प्रतिमा के पीछे की दीवार को आकर्षक स्वरूप में तैयार किया जाएगा। इसके अलावा वार्ड में करोड़ों की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे।

## द आर्यन ग्लोबल स्कूल' में 9वीं से 12वीं के छात्रों के बीच हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता



**रोहतक।** द आर्यन गलोबल स्कूल' में 25 जुलाई को 9वीं से 12वीं के छात्रों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने दिए गए विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। बच्चों ने वाद-विवाद के जरिए अपने विषय पर जमकर बहस की। बच्चों का मार्गदर्शन उनके अध्यापकों ने किया। सभी अध्यापकों ने और वहां उपस्थित विद्यालय की निदेशिका सुनीता अहलावत और प्राचार्य राजकुमार खन्ना ने सभी बच्चों की इस सुंदर प्रस्तुति की सराहना की। प्रधानाचार्य ने यह भी कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। ऐसी प्रतियोगिताएं कराने के लिए स्कूल के अध्यापकों का बहुत योगदान है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर कोई हिचक नहीं रहती और वह स्टेज संचालन करने में हमेशा अग्रणीय रहते हैं। आगे भी आर्यन भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहेंगे और अपने आप को ऊंचाइयों तक ले जाते रहेंगे। स्कूल प्रधानाचार्य ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की।

## शीताल स्पोर्ट्स स्कूल किलोई में मनाई तीज



**रोहतक।** शीताल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी बंदनों, फूलों और झूले से सजाया गया। छात्राओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां जैसे लोकगीत, नृत्य, कविता पाठ और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण झूला सजाओ प्रतियोगिता' और 'तीज क्वीन' का चुनाव रहा, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य अनिल हुड्डा व निर्देशिका राजवंती हुड्डा ने छात्राओं को हरियाली तीज के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने सभी को प्रकृति से जुड़ाव और हरियाली बनाए रखने की प्रेरणा दी।

## केवीएम स्कूल में मनाया कारगिल दिवस



**रोहतक।** केवीएम स्कूल में हरियाली तीज का उत्सव व कारगिल विजय दिवस मनाया गया। नर्सरी से दूसरी तक के छात्र फौजी की यूनिफार्म पहन कर आए व देशभक्ति कविताएं सुनाई। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्रों ने हरियाली तीज से संबंधित कविताएं सुनाई व लोकगीतों पर नृत्य किए। कक्षा छठीं से दसवीं तक लड़कियों के लिए मेहंदी कंपटीशन व लड़कों के लिए काइट मेकिंग एंड डेकोरेशन कंपटीशन कराया गया। सभी छात्र व छात्रों ने कंपटीशन में बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्कूल प्रधानाचार्या मीना कौशिक व प्रीति बजाड़ ने हरियाली तीज की छात्रों को शुभकामनाएं दी।

हॉलमार्क मानकों के गहनों का भरोसेमंद संस्थान
पप्पू ज्वैलर्स (इस्माईला वाले)
भारत सरकार से मान्यता प्राप्त
91.6 Hallmark Jewellery
शुद्ध चांदी व सोने के जेवरों के निर्माता व विक्रेता
कारगिल के शहीद जवानों को शत्-शत् नमन एवं सुहाग व समृद्धि के पावन पर्व हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं
जगदीश वर्मा (पप्पू)
पुरुषोत्तम मार्किट, सैयद वाली गली, वैश्य गर्ल्स, कॉलेज के सामने, झज्जर रोड, रोहतक - 9896068678

श्री राधे फर्नीचर
High Class and Quality Fresh Furniture
नोट : हमारे यहां पर डबल बैड, सोफा सैट, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, दिवान, कम्प्यूटर टेबल, स्टैडी टैबल व विवाह सम्बन्धी फर्नीचर, टी.वी. ट्राली तैयार मिलते हैं।
Garden Furniture also Available
कारगिल के शहीद जवानों को शत्-शत् नमन एवं सुहाग व समृद्धि के पावन पर्व हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रमेश खुराना   समीर खुराना
लिबर्टी सिनेमा के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9812018281, 8168393083, 9896343438

कारगिल दिवस पर शहीदों को शत-शत नमन
hartron ISO 9001 : 2015
Enhance your talent...
HARTRON SKILL CENTRE
For Computer Education & Training Centre
Required: Computer Teacher
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
M. 8929411222

Pall & Co. Since 1974
BOSCH FABER IFB VOLTAS BLUE STAR MITSUBISHI SAMSUNG BPL Kelvinator Godrej TCL HITACHI
कारगिल दिवस पर शहीदों को शत-शत नमन
Prit Pall Bhutani   Harish Bhutani
51 SCF, HUDA COMPLEX, ROHTAK
M. 9896450684, 9896450685

M.S. SARASWATI SR. SEC. SCHOOL
(Affiliated to CBSE | Affiliation No- 530246) Achieving Excellence Together...
46 YEARS OF EXCELLENCE
ADMISSION OPEN
Cricket Achiever's Session:- 2024-2025 | School National SGFI-Gold 2024-2025
Himanshi, Nancy, Mokshita, Falak, Ritu Kirti, Jivika, Shiksha
Fully AC Class Rooms
कारगिल दिवस पर शहीदों को शत-शत नमन
•Science Labs - Physics/ Chemistry/ Biology Lab/IT Lab •Dance Hall •Gymnasium •All AC classrooms •New age 4k Smart Classes •English spoken Classes •Transport facility • Own Cricket Ground •Sports Facilities - Taekwondo, Skating, Kabaddi, Cricket •Yoga Classes, All facilities available for School Students
MR. HIMANK MITTAL DIRECTOR   MS. REETU PRINCIPAL
Add. :- GAUKARAN ROAD, SHORA KOTHI, MATA DARWAJA, ROHTAK
E-mail ID : saraswatirohtak@gmail.com M.S.Saraswati
7206129148, 9350866122

CosmoDentz Dental Clinic
ROHTAK
Your Smile Deserves the Best Choose CosmoDentz
All Dental Services, One Roof
+ Veneers + Dental Implant
+ Aligners/Braces
+ Smile Designing
+ Root Canal Treatment
+ Teeth Cleaning & Polishing
+ Dentures + Crown & Bridges
+ Teeth Whitening
कारगिल के शहीद जवानों को दिल से शत्-शत् नमन
Call Us - 8683058383
709/22, Sonipat Road, Jhang Colony, Opposite Jagmohan Motors, Rohtak, Haryana-124001
www.cosmodentz.com

Amrit Bikaner Misthan Bhandar
कारगिल के शहीद जवानों को शत्-शत् नमन
Amrit Bikaner Misthan Bhandar
Bakery & Restaurant
BREAKFAST LUNCH DINNER
प्योरिटी और वैरायटी लाजवाब
Near D-Park, Model Town, Delhi Road, Rohtak Ph. : 01262-282856 M. 9896387660
NEAR RAJIV CHOWK, DELHI BYE PASS, ROHTAK Ph. : 01262-262651 M. 7082397778

I. B. SMART START
Sector-2/3 Part, Near Telephone Exchange Rohtak-124001 (Haryana) M. 9518102568
I.B. Smart Start Blue
Suncity Heights, Sector 36A, Rohtak M. 9468359510
कारगिल के शहीद जवानों को दिल से शत्-शत् नमन

# 24 दिन बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था 30 जून को खत्म हुआ था सफाई टेंडर

## डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए अधिकतर कॉलोनियों में दूसरे तीसरे दिन आ रही गाड़ियां

■ महिलाओं ने रोष व्याप्त कर गाड़ी चालकों को सुनाई खरी-खरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शहर में सफाई व्यवस्था अभी भी पटरी पर नहीं चढ़ पाई है। टेंडर होने के 24 दिन बाद भी सुबह से शाम तक गंदगी सड़कों पर पड़ी दिखाई देती है। मुख्य चौराहे कूड़े से अटे पड़े हुए हैं। बरसात के पानी में गंदगी मिलने से बदबू आ रही है। साथ ही अधिकतर कॉलोनियों में कूड़ा उठाने के लिए लगाई गई गाड़ियां दूसरे या तीसरे दिन पहुंच रही हैं। गाड़ियों पर पहले चालक के साथ हेल्पर होता था, जो अब कई गाड़ियों से नदारद है। कई गाड़ियों की हाइट बहुत ज्यादा कर दी गई है जिससे अधिकतर महिलाओं को कूड़ा गाड़ी में डालने में परेशानी आ रही हैं। इस वजह से लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई कॉलोनियों में महिलाओं ने गाड़ी रोजाना नहीं आने पर रोष जताया और निगम कर्मचारियों को खरी-खरी सुनाई।

जानकारी के अनुसार, गोहाना अड्डा, ओल्ड आईटीआई मैदान, डीएलएफ कॉलोनी, गोहाना रोड, सेक्टर एक मार्केट, रेडियो स्टेशन, टीबी अस्पताल, लाढ़ौत रोड, झज्जर रोड, रेलवे रोड, गांधी कैंप सहित अन्य इलाकों में स्थिति गंभीर बनी हुई है। सड़कों किनारे, खाली प्लॉटों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा जमा हो रहा है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच रही हैं, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं। साथ ही लाढ़ौत रोड बसंत विहार कॉलोनी, शास्त्री नगर, सुखपुरा, हैफेड़ चौक, प्रेम नगर, ऋषि नगर, सेक्टर 1 व 2 में भी रोजाना कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नहीं पहुंच रही है। लोगों को कई-कई दिन तक कूड़ा घरों में जमा करके रखना पड़ता है जिससे बदबू फैल जाती है।

### 17 टिप्पर, 16 ट्रैक्टर ट्राली व 7 रेहड़ी लगाई

नगर निगम के मुताबिक विगत 30 जून 2025 को क्षेत्र से कूड़ा उठान का कार्य समाप्त हो गया था। आमजन की सुविधा हेतु वर्तमान में नगर निगम द्वारा तीन महीने के लिए कूड़ा उठान का कार्य आवंटित किया गया और पांच वर्ष के कार्य के लिए ई-निविदा की जा चुकी है। क्षेत्र को इस कार्य के लिए पांच जोन में बाटा गया है सम्बन्धित एजेन्सियों द्वारा घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए 17 टिप्पर, 16 ट्रैक्टर ट्राली व 7 रेहड़ी लगाई गई हैं। हर जोन में करीब 49 लाख का टेंडर दिया गया है। इसके अतिरिक्त शहर से गंदगी के ढेर उठाने के लिए 33 ट्रैक्टर ट्राली, 4 जेसीबी, 2 लोडर, 1 हाईवा लगाई जा चुकी है। निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने दावा किया था कि एक दो दिन में 20 टिप्पर व 40 रिक्शा रेहड़ी बढ़ाए जाएंगें लेकिन इसके बावजूद हालात सामान्य नहीं हो पा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रो. मलिक सेंट्रल परचेज कमेटी के चेयरमैन बने



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष एवं डीन, फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज प्रो. एससी मलिक को सेंट्रल परचेज कमेटी का चेयरमैन मनोनीत किया है। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर चेयरमैन, सेंट्रल परचेज कमेटी प्रो. एससी मलिक की नियुक्ति अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर आगामी आदेशों तक की गई है।

### मन की बात कार्यक्रम को लेकर बैठक में चर्चा

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई के सभी मंडलों की बैठक कर 27 जुलाई रविवार को मन की बात कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई और कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। गढ़ी सांपला किलोई विस के मकड़ौली मंडल की बैठक लेने पहुंचे जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका का स्वागत किया।

### स्कूल गेम्स- 2025 को लेकर बैठक का आयोजन



**रोहतक।** ब्लॉक स्तर पर स्कूल गेम्स-2025 की योजना और क्रियान्वयन पर चर्चा के लिए सभी प्रधानाचार्यों, पीजीटी शारीरिक शिक्षा शिक्षकों, डीपीई और पीटीआई की ब्लॉक स्तरीय बैठक राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि सांपला में हुई। इसकी अध्यक्षता नोडल अधिकारी संदीप नैन व क्षेत्रीय सचिव बिजेन्द्र सिंह डीपीई दत्तौड़ की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के एजेंडे में आगामी ब्लॉक स्तरीय स्कूल गेम्स के लिए स्थल व्यवस्था, खेल तिथियों और ड्यूटी आवंटन पर विस्तृत चर्चा शामिल थी। संत, पीटीआई (गिझी) द्वारा सभी आवश्यक जानकारी और दिशानिर्देश साझा किए गए, जिन्होंने सत्र के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर मनोज प्राचार्य कारौर, दर्शना प्राचार्य खरावर, पूनम प्राचार्य चुलियाना, मुकेश (मुख्याध्यापक ) मौजूद रहे।

### नव-निर्वाचित कॉलिजियम सदस्यों ने की मीटिंग



**रोहतक।** वैश्य एजुकेशन सोसायटी के नव-निर्वाचित कालिजियम सदस्यों की बैठक बिमल प्रसाद जैन आडिटोरियम, वैश्य पब्लिक स्कूल में हुई। बैठक में सभी उपस्थित कालिजियम सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया और निर्वाचन अधिकारी ने पटका देकर सम्मानित किया।निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बंसल ने निर्वाचन के उपरान्त संस्था में पहली बार पहुँचने पर संस्थान परिसर में स्वागत किया और सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. पवन कुमार गर्ग, सुशील शर्मा व डॉ. प्रवीण काजला सहित चुनाव कंट्रोल रूम के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### विकल्प स्कूल में तीज पर्व हर्ष उल्लास से मनाया



**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल में तीज पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्पेशल मॉर्निंग असेंबली से की गई। जिसमें लिली सदन की सुमेधा कक्षा दसवीं द्वारा तीज का महत्व बताया गया और कक्षा एक से अमायरा, हरप्रीत कक्षा 2 से कियान, मायरा व कक्षा तीसरी से समर्थ, कायरा और धैर्य द्वारा तीज कविताओं का उच्चारण भी किया गया। कक्षा चौथी से आठवीं तक मेहंदी व काइट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी छात्राओं द्वारा ग्रीन डे भी मनाया गया। विद्यालय के सभी बच्चे ग्रीन अटायर में आए और साथ ही घेवर का आनंद उठाया। विद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्या ने तीज पर्व के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को हमारी समस्त परंपराओं से जोड़ते हैं।



# एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर में हरियाली तीज पर रंगारंग उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ तीज पर आधारित विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज पर्व परंपरा, संस्कृति और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में तीज महोत्सव के अवसर पर बाल उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र फोगाट, शैक्षणिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट तथा प्रधानाचार्य दुलाल देब की उपस्थिति में हुआ। नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों ने कक्षा कक्षों में पतंग निर्माण, क्राफ्ट कार्य जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इस शुभावसर पर नर्सरी विंग में झूले को फूलों से सजाया गया, जिस पर सभी बच्चों ने झूला-झूलकर सावन महीने के इस पावन तीज त्योहार की पारंपरिक शुरुआत की। झूले पर झूलते हुए बच्चों के चेहरों पर आनंद और उल्लास की झलक स्पष्ट दिखाई दे रही थी, जिससे सारा वातावरण मस्ती व उमंग से सराबोर हो गया। कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों द्वारा तीज पर आधारित विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। कक्षा पांचवीं 'ट्यूलिप' की छात्रा ऋद्धि द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य ने ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा हरियाणवी लोकनृत्य, जिसमें छात्र-छात्राओं ने हरियाली तीज के पारंपरिक रंगों को जीवंत कर दिया। इससे पूरा विद्यालय परिसर उत्सवमय वातावरण में डूब गया। कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों ने पतंगबाजी गतिविधि में भाग लिया, जिसमें आकाश रंग-बिरंगी पतंगों से भर गया। साथ ही बालिकाओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया। सभी शिक्षिकाओं ने हरे वस्त्र धारण कर आयोजन की शोभा में चार चांद लगाए। पारंपरिक वेशभूषा में सजी शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ तीज पर्व की भावना को उत्साहपूर्वक साझा किया। प्रधानाचार्य दुलाल देब ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक बोध को मजबूत करते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों की सहभागिता की सराहना की।

# पठानिया स्कूल में कारगिल विजय दिवस और हरियाली तीज मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ अमर बलिदानियों की शहादत युगों-युगों तक आने वाली पीढियों का मार्गप्रषस्त करती रहेंगी : अंशुल पठानिया

'कारगिल विजय दिवस' एवं हरियाली तीज के उपलक्ष में पठानिया पब्लिक स्कूल में एक विषेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 'कारगिल की माटी सींचती है, वीरों के बलिदान को' की मधुरतम ध्वनि के साथ प्रार्थना सभा का शुभारम्भ हुआ। प्रार्थना सभा का मंच संचालन लता, पूनम भाटिया, रेनू शर्मा व रूचिका ठाकुर के निर्देशन में कृतिका, हिमांषी, बानी, रक्षित, प्रेरषिया, विधी, रेहा व षिवांषी ने किया। हिंदी कविता व्योम हरजाई व भाषण प्रस्तुति सक्षम के द्वारा दी गई। विद्यार्थियों ने नीतू सेठी व कोमल बुट्टन के सान्निध्य में कारगिल विजय करने वाले महान बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा, योगेन्द्र यादव व मनोज कुमार पांडे, मेजर राजेष सिंह आदि की शहादत व अदम्य साहस को याद करते हुए उन्हें नमन किया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया व प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अमर बलिदानियों की शहादत युगों-युगों तक आने वाली पीढियों का मार्गप्रषस्त करती रहेगी। इस अवसर पर स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी के अतिरिक्त समस्त कोर्डिनेटर व अध्यापकगण विषेष रूप से उपस्थित रहे।





**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक वर्कर्स व ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन व भारतीय मजदूर संघ के सदस्य।

# ग्रामीण बैंक कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ हरियाणा ग्रामीण बैंक के मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

रोहतक। ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक वर्कर्स व ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन व भारतीय मजदूर संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन के तीसरे चरण में गुरुवार को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बैंक के अधिकारी और कर्मचारी एकत्रित हुए और बैंक के चेयरमैन के माध्यम से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को ज्ञापन भेजा गया।

धरने में संगठन ने मुख्य रूप से ग्रामीण बैंकों में आईपीओ लाने के प्रस्ताव का विरोध किया और मांग की कि बैंकिंग सेक्टर में प्रस्तावित 12वें वेतन समझौते को अक्षरश लागू किया जाए। इसके अलावा कर्मचारियों ने 5 दिवसीय कार्य सप्ताह, प्रयोजक बैंकों के समान भर्ती और पदोन्नति की प्रक्रिया, और स्थानांतरण नीति में समानता की मांग को भी प्रमुखता से उठाया। कुछ स्थानीय मुद्दों को लेकर भी कर्मचारी संगठन आंदोलित रहा। इस विरोध प्रदर्शन में ऑफिसर्स यूनियन से सुनील कल्याण, अजय डागर, विकास, राजीव रंजन, धीरज केसरी और अश्वनी ने भाग लिया, जबकि कर्मचारी संघ की ओर से प्रताप सिंह, अश्वनी जी, हर्ष तंवर और सोनू वशिष्ठ आदि मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे।

### एमएस सरस्वती की छात्राओं का टूर्नामेंट में चयन



**रोहतक।** माता दरवाजा गऊ कर्ण रोड स्थित एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने अपनी एवं अपने कोच सुनील के अथक प्रयास व मेहनत से सीबीएसई नॉर्थ जोन टूर्नामेंट क्रिकेट अंडर-19 गर्ल्स चैंपियनशिप फरीदाबाद में 31 जुलाई से 4 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। पूरे ब्लॉक में से एमएस सरस्वती स्कूल की क्रिकेट टीम से 14 छात्राएं चयनित हुई हैं। टूर्नामेंट क्रिकेट टीम की कैप्टन हिमांशी, वाइस कैप्टन मोक्षिता, कनिका, फलक, रितु, जीविका ,वैष्णवी,अनेहा, कीर्ति सैनी, शिक्षा, रशिका, वंशिका वैष्णवी के लिए अद्वितीय अवसर है। जिसमें वे अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हो विद्यालय का नाम रोशन करने का भरसक प्रयास करेंगे।निदेशक हिमांक मित्तल एवं प्राचार्या रितु ने इस टूर्नामेंट में विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दी और छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि वे अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अवश्य प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ेंगी।

# युवा संसद: जनहित के मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच तीखी बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में युवा संसद का आयोजन किया गया। इसकी प्राचार्य देवेंद्र कटारिया ने की। प्रवक्ता अलका मदान ने बताया कि मॉक पार्लियामेंट के दौरान संसद के सदस्यों की शपथ ग्रहण, नए मंत्रियों का परिचय, प्रश्नकाल, शून्यकाल आदि को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया। संसद में जनहित के मुद्दों को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। इस मौके पर विपक्ष ने पर्यावरण, पराली जलाने की समस्या, पुरानी पेंशन स्कीम आदि विषयों पर सरकार को घेरा। चर्चा के दौरान छात्रा दिया, साक्षी, आयुषी, वंशिका एवं अन्य छात्राओं ने अत्यन्त प्रभावपूर्ण रूप से ज्वलंत मुद्दों पर तीखी बहस की। डाइट मदीना के प्रवक्ता विकास ढलवाल तथा विकास वशिष्ठ ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के संयोजन में प्राध्यापिका एकता कत्याल एवं मधुबाला की प्रमुख भूमिका रही। डाइट प्रवक्ता विकास ढलवाल ने बच्चों के सराहनीय कार्य की भरपूर प्रशंसा की। साथ ही उनकी कमियों को बताते हुए उन्हे बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा दी।

### प्रोफेशनल कंसल्टेंसी सेल के पदाधिकारी नियुक्त किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने प्रोफेशनल कंसल्टेंसी सेल के पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया कि प्रोफेशनल कंसल्टेंसी सेल के निदेशक प्रो. हरीश दूरेजा हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. पूजा गुलाटी तथा कॉमर्स विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. प्रीति शर्मा को इस सेल का उप निदेशक तथा एमडीयू-सीपीएएस, गुरूग्राम की सहायक प्रोफेसर डा. निधि अहलावत तथा यूआईईटी के सहायक प्रोफेसर डा. योगेश कुमार को इस सेल का सहायक निदेशक नियुक्त किया गया है। उपरोक्त दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से आगामी आदेशों तक दिए गए हैं।

**सूचना**

मैं, बिमला पत्नी जगदीश निवासी खरकड़ा तहसील महम जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरी पुत्रवधु सोनी पत्नी स्व. ऋषि मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



### डीएलसी सुपवा में स्नातक पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग शुरू

**रोहतक।** दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) ने सत्र 2025–26 के लिए स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया आरंभ कर दी है। देशभर से विद्यार्थियों द्वारा फिल्म एवं टेलीविजन संकाय, डिज़ाइन संकाय और दृश्य कला संकाय में संचालित विविध रचनात्मक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा रहा है। इस वर्ष भी विश्वविद्यालय को छात्रों की ओर से उत्साहित प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है, और 650 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश प्रक्रिया के लिए पंजीकरण कराया है। विश्वविद्यालय द्वारा सभी संकायों (आर्किटेक्चर को छोड़कर) के लिए 15 से 17 जुलाई 2025 के बीच प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। आर्किटेक्चर संकाय में प्रवेश नाटा या जेईई (आर्किटेक्चर) परीक्षा के आधार पर होगा, जिसके लिए अलग से काउंसलिंग की जाएगी। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग 29 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930
HARTRON SKILL CENTRE
NCVET Recognised
हारट्रोन से जुड़ने का सही समय यही है
Hartron Courses Are Aligned With NSQF
हारट्रोन से कंप्यूटर कोर्स करने के बाद SETC (Part-1) से छुट प्राप्त है
Website : www.hartron-rohtak.com

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
RMO 4
ICU STAFF 6
NURSING STAFF 4
PRO/MARKETING EXECUTIVE 2
COMPUTER OPERATOR 1
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF MAA KAAMAL FOUNDATION
DR. S.K. SAINI Director
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
फीस में 50% की विशेष छूट सभी के लिए सीमित समय के लिए
पहले आयें-पहले पायें। छात्रावास सुविधा। रविवार खुला है
DIPLOMA IN G.N.M. (MALE/FEMALE)
योग्यता :- 12th (किसी भी विषय में)
अवधि :- $3\frac{1}{2}$ वर्ष | कुल सीटें :- 60
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफ लाईन दोनों मोड में।
आजही अपने प्रमाण पत्रों के साथ आकर मिलें।
अतिशिघ्र आवश्यकता है:-
•G.N.M. -20
•MEDICAL LAB. TECH.-20
जो थ्योरी व प्रेक्टिकल दोनों करवा सके।
Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221